दिनांकः 21.12.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरे होने के उपलक्ष में आज प्रदेशभर में रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजनं
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा–जयपुर में होने वाली आर्मी डे परेड से सेना और आम नागरिकों के बीच जुड़ाव बढ़ेगां
- प्रदेश की निचली अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जा रही हैं
- पुरुष अंडर–19 एशिया क्रिकेट कप का खिताबी मुकाबला आज भारत और पाकिस्तान के बीच दुबई में होगां

........................................................................................

वर्तमान राज्य सरकार के कार्यकाल के दो साल पूरे होने के उपलक्ष में आज **रन फॉर विकसित राजस्थान** आयोजित की जा रही हैं राज्य स्तरीय मैराथन जयपुर में अमर जवान ज्योति से रखी गईं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना कियां इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के सपनों को पूरा करने का काम कर रही हैं श्री शर्मा ने युवाओं से विकसित राजस्थान के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान कियां

........................................................................................

युवा मामले और खेल विभाग की ओर से सवाईमाधोपुर, बाड़मेर, बालोतरा, जैसलमेर, करौली और भरतपुर सहित सभी जिला मुख्यालयों पर रन का आयोजन किया जा रहा हैं इसमें बड़ी संख्या में स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी, एनएसएस, एनसीसी, स्काउट गाइड और गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं

दो साल के उपलक्ष में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज जयपुर में राज्य स्तरीय लखपति दीदी संवाद भी रखा गया हैं इसमें मुख्यमंत्री श्री शर्मा राजीविका की स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लखपति दीदियों से बातचीत करेंगें मुख्यमंत्री उनकी आत्मनिर्भरता की यात्रा पर वार्ता कर उनके अनुभव जानेंगें इस मौके पर लखपति दीदियों को टेबलेट भी वितरित किये जाएंगें

........................................................................................

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा है कि राजधानी जयपुर में आयोजित होने वाली सेना दिवस परेड से सैनिकों और नागरिकों के बीच जुड़ाव और मज़बूत होगां उन्होंने कहा कि साल 2026 की आर्मी डे परेड सैन्य छावनी की सीमाओं से बाहर आम नागरिकों के बीच होगीं इस परेड में लड़ाकू विमानों और हैलीकॉप्टर का फ्लाई पास्ट, ड्रोन तकनीक और आधुनिक युद्ध क्षमताओं को प्रदर्शित किया जाएगां मुख्यमंत्री कल जयपुर में आर्मी डे परेड कर्टन रेजर कार्यक्रम में बोल रहे थें उन्होंने कहा कि इस उपलक्ष में एसएमएस स्टेडियम में शौर्य संध्या आयोजित की जाएगी और ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित लाइट एण्ड साउंड शो भी रखा जाएगां

........................................................................................

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं का सम्मान कियां इस अवसर पर सप्त शक्ति कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह भी मौजूद रहें

........................................................................................

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने **विकसित भारत ग्राम विकास विधेयक** को गांवों का समग्र विकास करने वाला बताया हैं श्री चौहान ने कल नई दिल्ली में चौधरी चरण सिंह पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कियां उन्होंने कहा कि मंत्रालय वर्ष 2026–27 के बजट में कृषि क्षेत्र के लिए सुझाव आमंत्रित कर रहा है, जिससे सुदृढ़ प्रणाली तैयार की जा सकें श्री चौहान ने

योजनाओं को प्रभावी ढंग से तैयार करने के लिए किसानों, विशेषज्ञों और कृषि वैज्ञानिकों को एक साथ लाने के लिए चिंतन शिविर आयोजित करने का जिक्र कियां

.................................................................................

केंद्रीय जांच ब्यूरो–सीबीआई ने एक सैन्य अधिकारी और एक अन्य व्यक्ति को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया हैं इन पर बेंगलुरु की एक कंपनी से तीन लाख रुपये की रिश्वत लेने का आरोप हैं सीबीआई ने बताया कि लेफ्टिनेंट कर्नल दीपक कुमार शर्मा के दिल्ली स्थित घर की तलाशी के दौरान तीन लाख रुपये की रिश्वत की राशि के अलावा 2 करोड़ 23 लाख रुपये नकद बरामद किए गए हैं वहीं, एजेंसी ने अन्य आरोपी विनोद कुमार के श्रीगंगानगर स्थित घर से 10 लाख रुपये नकदी और अन्य आपत्तिजनक सामान भी जब्त किया हैं सीबीआई ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें 23 दिसम्बर तक रिमांड पर भेज दिया गया हैं

.................................................................................

प्रदेश की निचली अदालतों और उपभोक्ता आयोगों तथा अन्य प्रशासनिक अधिकरणों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत लगाई जा रही हैं ये इस साल की चौथी और अंतिम लोक अदालत हैं प्रदेशभर में राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 473 बैंचों का गठन किया गया हैं करौली जिले में लोक अदालत के आयोजन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

.................................................................................

देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत ने कहा है कि सभी संवैधानिक संस्थानों को संविधान की भावना के अनुरूप काम करना चाहिए ताकि लोगों को न्यायालय के फैसले उनकी अपनी भाषा में उपलब्ध हो सकें उन्होंने इटावा में हिंदी सेवा निधि ट्रस्ट के 33वें वार्षिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आशा व्यक्त की कि भाषा से संबंधित संवैधानिक प्रावधानों को पूरे देश में लागू किया जाएगां सीजेआई ने कहा कि हालांकि अंग्रेजी सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक भाषा बनी हुई है किन्तु भाषा की बाधा को दूर करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गये हैं सर्वोच्च न्यायालय के फैसलों का 16 भाषाओं में अनुवाद शुरू कर दिया गया हैं इससे कोई भी नागरिक अपने राज्य की भाषा में प्रमाणित अनुवादित प्रति पढ़ सकेगां

.................................................................................

हनुमानगढ़ जिले में पुलिस ने नशीले पदार्थों की बड़ी खेप पकड़ कर इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया हैं जिला पुलिस अधीक्षक हरी शंकर यादव ने बताया कि जब्त की गई एमडीएम ड्रग्स की कीमत करीब दस करोड़ रुपये हैं

.................................................................................

पुरुष अंडर–19 एशिया क्रिकेट कप के फाइनल मैच में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगां भारतीय समय के अनुसार दुबई में ये मैच सुबह साढे दस बजे से खेला जाएगां आयुष म्हात्रे की कप्तानी में भारत के सामने नौवीं बार यह खिताब जीतने का लक्ष्य हैं

इससे पहले, भारत ने ग्रुप स्टेज के मैच में पाकिस्तान को हराया थां सेमीफाइनल में भारत ने श्रीलंका को 8 विकेट से मात देकर फाइनल में प्रवेश कियां वहीं पाकिस्तान ने मौजूदा चैंपियन बांग्लादेश को हराकर फाइनल में जगह बनाई हैं

.................................................................................

एशियन यूथ पैरा गेम्स में हनुमानगढ़ के एथलीट आशीष तंवर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता हैं ये प्रतियोगिता पिछले सप्ताह दुबई में आयोजित हुईं इसमें 35 देशों के करीब डेढ़ हजार पैरा एथलीट्स ने भाग लियां हनुमानगढ़ जिले के एक विश्वविद्यालय के छात्र आशीष ने ये उपलब्धि हासिल कीं

.................................................................................